# खेती में होगा नवाचार शुरू होगा स्टार्टअप

लखनऊ। प्रदेश के किसानों एवं खेती से जुड़े कारोबार को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि क्षेत्र में कई नवाचार किए जाएंगे और स्टार्टअप शुरू होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार एग्रीटेक नीति 2024 बनाने जा रही है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई एग्रीस्टेक योजना के तहत खेती से जुड़े सभी आंकड़ें आनलाइन किए जा रहे हैं। किसान कार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। ऐसे में यूपी सरकार की ओर से एग्रीटेक नीति 2024 तैयार की जाएगी। इसके तहत कृषि प्रोद्यौगिकी नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू होगा। इसमें नई डिजिटल तकनीकी, आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लाक चेन, इंटरनेट आफिस विंग्स, भौगोलिक सूचना प्रणाली, ड्रोन, ई मेल प्रोसेसिंग, रिपोट सेंसिंग आधारित तकनीक का उपयोग कर किसानों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इससे फसल के उत्पादन में इजाफा होने के साथ किसानों की आय भी बढ़ेगी।

**एग्रीटेक नीति बनेगी**

- **कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर का लक्ष्य 20 फीसदी किया :** एग्रीटेक के क्रियांवयन में पांच साल लगेंगे। इस पर करीब 21.65 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नीति को लेकर निदेशक कृषि की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी बनेगी। अपर मुख्य सचिव (कृषि) की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टियरिंग समिति भी बनेगी। यह समिति रणनीति और मार्गदर्शन देगी। राज्य सरकार की ओर से एग्रीटेक नीति के जरिए कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 20 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी प्रदेश में कृषि एवं संबंधित क्षेत्र की वृद्धि दर 10 फीसदी है। ब्यूरो